
मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 221, मुंबई, शनिवार, 21 अक्टूबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




## सिलसिला ए नक्श बंद के अजीम सख्सियात पीरे तरीकत रहेबरे शरिअत पीरो मुर्शीद हजरत शाह सकलैन मिंया हुजूर इस दुनिया ए फानी से पर्दा फरमा गए

*बिछड़ा कुछ इस अदा से कि रुत ही बदल गई*
*इक शख्स सारी दुनिया को वीरान कर गया*



**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के बरेली में आज दिनांक 20 अक्टूबर बरोज जुमा सज्जादानशीन नबीरा ए शाह शराफत मियां हुजूर 'रहेबरे शरिअत सिलसिला ए नक्श बंद हजरत पीरो मुर्शीद हजरत पीरो मुर्शीद सकलैन मियां हुजूर इस दुनिया ए फानी से हमेशा के लिए रुखसत हो गए। आपके मुरीदैन ना केवल हिंदूस्तान में बल्कि विदेशों में भी आपके मुरीदैन में इस वक्त रंजो गम का माहौल छाया हुआ है।

## महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला

# कॉन्ट्रैक्ट भर्ती का जीआर रद्द

### फडणवीस का विपक्ष पर पलटवार

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने युवाओं को बड़ी राहत देते हुए संविदा भर्ती (कॉन्ट्रैक्ट भर्ती) का जीआर रद्द करने की घोषणा की है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने (20 अक्टूबर) खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। (शेष पृष्ठ 3 पर)



**संविदा भर्ती का पाप हमारा नहीं : फडणवीस**

*बीजेपी नेता फडणवीस ने महाविकास आघाडी (एमवीए) नेताओं की कड़ी आलोचना की। फैसले की जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम व गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, कॉन्ट्रैक्ट भर्ती का पाप 100 फीसदी कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी का है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मैंने चर्चा की और उन्हें बताया कि हमें उनके पाप का बोझ क्यों उठाना है.. इसलिए हमने उस सरकार द्वारा जारी कॉन्ट्रैक्ट भर्ती जीआर को रद्द करने का फैसला किया है।*

## महाराष्ट्र: वैज्ञानिक बहू ने 20 दिन तक

# मौत का खेल !






## पति, सास, ससुर, ननद को 'केमिकल' खिलाकर मारा

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के महागांव में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या से पूरा महाराष्ट्र हिल गया है। इस मामले में सनसनीखेज खुलासा पुलिस ने किया है। पीड़ित परिवार की बहू और एक अन्य महिला रिश्तेदार को गिरफ्तार किया गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)


### धीमी, दर्दनाक मौत!

**इस मामले में संघमित्रा कुंभारे मुख्य आरोपी हैं। वह रोशन कुंभारे की पत्नी हैं। जिसने मामी रोजा की मदद से यह पूरी साजिश रची. दोनों ने मौका देखकर परिवार के लोगों को कभी पानी में तो कभी खाने में जहरीला केमिकल मिलकर दिया। जिस वजह से वह धीरे-धीरे मौत की नींद सो गए।**

### 20 दिन में परिवार तबाह

20 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच परिवार के सभी सदस्य अचानक बीमार पड़ गए और तीन सप्ताह के भीतर उनकी मृत्यु हो गई। शंकर तिरुजी कुंभारे (52), विजय शंकर कुंभारे, उनकी विवाहित बेटी कोमल विनोद दहागावकर (29), मौसी आनंद उराडे (50), बेटा रोशन शंकर कुंभारे (28) मृतकों के नाम हैं। मृतक शंकर कुंभारे की महागाव में टिंबर मार्ट की दुकान है।

## ड्रग्स माफिया ललित पाटील मामले में 16वीं गिरफ्तारी



## फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर लगाया बड़ा आरोप

**मुंबई।** पुणे के बहुचर्चित ड्रग मामले में फरार मुख्य आरोपी ललित पाटील को 15 दिन की तलाश के बाद आखिरकार मुंबई पुलिस ने चेन्नई से गिरफ्तार कर लिया। पुणे के सरकारी अस्पताल ससून अस्पताल से भागा ड्रग माफिया ललित महाराष्ट्र की राजनीति में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### 50 लाख का मुनाफा...

*मुंबई की कोर्ट ने ड्रग माफिया ललित पाटील को 23 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेजा है। पुलिस उससे गहनता से पूछताछ कर रही है। इस बीच जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पुलिस जांच में पता चला है कि ललित और उसका भाई भूषण पाटील अपनी ड्रग्स फैक्ट्री से प्रति माह 50 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाते थे।*

### हर महीने बनाते थे 50 किलो ड्रग्स

*2021 से नासिक के शिंदे गांव में एमडी ड्रग्स का उत्पादन कर रहे थे। दोनों हर महीने 50 किलो एमडी का उत्पादन करते थे। जिसकी सप्लाई मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई और नासिक में की जाती थी। ड्रग तस्करों के नेटवर्क की मदद से एमडी को अलग-अलग शहरों में भेजा जाता था। साकीनाका पुलिस ने अब तक 34 वर्षीय ललित सहित 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच जारी है।*

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### कब तक जाम

जब दिल्ली और आसपास के राज्यों में एकाधिक राजमार्गों पर लंबे समय से जाम लगा हो, तब इस परेशानी का फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचना स्वागतयोग्य है। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए वाजिब सवाल उठाया है कि राजमार्गों को इतने लंबे समय के लिए कैसे अवरुद्ध किया जा सकता है? पिछले साल पारित तीन कृषि कानूनों के खिलाफ जारी किसान आंदोलन के चलते सड़कों पर जाम को हमारे शासन-प्रशासन के एक तबके ने मानो भुला ही दिया है। ऐसा लगता है, लोगों को आए दिन होने वाली परेशानी की परवाह न तो किसानों को है और न सरकारों को। जहां भी जाम की स्थिति है, वहां जितनी संख्या में किसानों का डेरा है, उतनी ही संख्या में पुलिस या अर्द्धसैनिक बलों के जवान में भी जमे हुए हैं। ऐसा लगता है, मानो किसान और जवान राजमार्गों पर ही बस गए हों। शीर्ष अदालत नोएडा निवासी मोनिका अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ता ने नाकाबंदी को हटाने की मांग करते हुए कहा है कि पहले दिल्ली पहुंचने में 20 मिनट लगते थे और अब दो घंटे से अधिक का समय लग रहा है और क्षेत्र के लोगों को विरोध-प्रदर्शन के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस याचिका पर केंद्र सरकार से यह कहा गया है कि वह किसान संघों को पक्ष बनाने के लिए एक औपचारिक आवेदन दायर करे। लंबे समय से राजमार्गों पर बैठे किसानों का मत जानना जरूरी है, ताकि जाम खुलवाने की दिशा में सुनवाई हो सके। बहुत से लोगों का मानना है कि किसानों के प्रति सरकार का लचीला रुख ही जाम की वजह है, तो कई लोग यह भी मानते हैं कि सरकार के पास कोई विकल्प नहीं है। सरकार ने किसानों को राजधानी में अंदर आकर बैठने से रोकने के लिए उन्हें सीमा पर ही रोकने की कोशिश की है और सरकार की सहमति से ही कुछ जगहों पर किसानों को जाम लगाने दिया गया है, लेकिन कुल मिलाकर, इससे आम लोगों को जो परेशानी हो रही है, उसके प्रति अब सुप्रीम कोर्ट की गंभीरता वाजिब मुकाम पर पहुंच सकती है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और जस्टिस एम एम सुंदरेश की पीठ ने विश्वास जताया है कि समस्याओं का समाधान न्यायिक मंच, आंदोलन या संसदीय बहस के माध्यम से हो सकता है, पर राजमार्गों को ऐसे कैसे अवरुद्ध किया जा सकता है? शीर्ष अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से पूछा है कि सरकार इस मामले में क्या कर रही है? जवाब मिला कि सरकार ने प्रदर्शन कर रहे किसानों के साथ बैठक की थी और हलफनामे में इसका ब्योरा दिया गया है। इसके बाद अदालत ने सरकार से जो कहा, वह बहुत मायने रखता है। अदालत ने कहा, कानून को कैसे लागू किया जाए, यह आपका काम है। अदालत इसे लागू नहीं कर सकती। इसे लागू करना कार्यपालिका का काम है। बहरहाल अदालत के रुख से ऐसा भी लगा कि वह हस्तक्षेप से बचना चाहती है, क्योंकि एकाधिक मौकों पर जब अदालतों ने समाधान के लिए हस्तक्षेप किया है, तब सरकार की ओर से अधिकारों के अतिक्रमण की बात उठी। जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट की सलाह और चिंता को सरकार गंभीरता से ले, ताकि पिछले साल 27 नवंबर से ही अवरुद्ध राजमार्ग खुल सकें।

# दूर हों सिविल सेवा परीक्षा की खामियां

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने भारत की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवाओं की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। यूपीएससी की तारीफ की जानी चाहिए कि हजार बाधाओं के बीच आजादी से अब तक इसकी समय पालन जैसी क्षमता पर कोई प्रश्न नहीं लगा। विशेषकर तब जब हर राज्य के प्रांतीय आयोग दो-चार साल से पहले अपनी राज्य स्तर की परीक्षाओं को पूरा कर नहीं कर पाते और भ्रष्टाचार, परीक्षा रद करने की बातें आए दिन सुनने को मिलती हैं। वर्ष 2020 के लिए घोषित 836 पदों के लिए 761 उम्मीदवार सफल घोषित किए हैं। तीन चरणों में संपन्न होने वाली परीक्षा के प्रारंभिक चरण में लगभग पांच लाख उम्मीदवार बैठे थे, जिनमें से 10,554 मुख्य परीक्षा देने के योग्य पाए गए। साक्षात्कार के लिए 2,053 उम्मीदवार बुलाए गए थे। इस बार के परिणामों की कुछ बातें ध्यान खींचती हैं। जैसे पहले 25 टापर्स में 12 महिलाएं हैं और कुल मिलाकर 35 प्रतिशत से ज्यादा महिला उम्मीदवार सफल हुई हैं। तालिबान द्वारा महिलाओं को सताए जाने और क्रूरता के बीच भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं का झंडा बुलंद हो रहा है। इस बार दस प्रतिशत उम्मीदवार कमजोर आइथक आधार पर भी चुने गए हैं। पिछले दस वर्षों की तरह इस बार भी 70 प्रतिशत से अधिक इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि वालों का बोलबाला रहा है। चिंता की बात यह है कि इनमें से अधिकांश ने मुख्य परीक्षा में एंथ्रोपोलाजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र और भूगोल जैसे वैकल्पिक विषय लेकर यह परीक्षा पास की है। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि वैकल्पिक विषय पूरी तरह से समाप्त कर दिए जाने चाहिए। इसकी जगह कानून तथा लोक प्रशासन जैसे विषयों को सामान्य ज्ञान के प्रश्नपत्र में शामिल करके





अनिवार्य बना दिया जाए। वर्ष 2000 में वाईके अलघ समिति ने भी इन विषयों की सिफारिश की थी। इससे वैकल्पिक विषय के स्तर पर होने वाली असमानता भी समाप्त हो जाएगी। मुख्य परीक्षा में कुछ वैकल्पिक विषय लेने वालों की संख्या दस से ज्यादा नहीं होती तो कुछ की संख्या कई हजार से भी ज्यादा पहुंच जाती है। इससे भोजपुरी और मगही जैसी भाषाओं को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग भी स्वतः समाप्त हो जाएगी।

आयोग के समक्ष पिछले दस वर्षों से प्रारंभिक परीक्षा को लेकर भी बार-बार शंकाएं उभर रही हैं। ऐसे हजारों उम्मीदवार हैं, जो लगातार प्रारंभिक परीक्षा में फेल होते रहे और फिर टापर बन गए। ऐसे उम्मीदवारों की भी कमी नहीं, जो पहले प्रयास में ही अच्छी रैंक ले आए। सच्ची प्रतिभा रातों-रात इतनी ऊंची-नीची नहीं होती। जरूर यूपीएससी की परीक्षा प्रणाली में कोई दोष है, जिसे और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वर्ष 1979 में कोठारी समिति ने सभी प्रशासनिक सेवाओं के लिए एक ही परीक्षा की सिफारिश की थी। इससे पहले 30 वर्षों तक ऐसी अनियमितताएं कभी सामने नहीं आईं। गड़बड़ शुरू हुई 2011 से, जब प्रारंभिक परीक्षा का माडल सीसैट बनाया गया। हिंदी समेत भारतीय भाषाओं के उम्मीदवार भी 2010 तक लगभग 15 प्रतिशत तक सफल होते रहे। भारतीय भाषाओं पर भी गाज 2011 में गिरी, जब अंग्रेजी प्रारंभिक परीक्षा में ही अनिवार्य कर दी गई। मोदी सरकार ने 2014 में उसे बदल तो दिया, लेकिन उसके बाद से भारतीय भाषाओं को उबरने का मौका आज तक नहीं मिला। सिविल सेवा परीक्षा में अंग्रेजी के दबदबे ने सारी भारतीय भाषाओं को बर्बादी की तरफ मोड़ दिया है। आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष भारतीय भाषाओं में सफल उम्मीदवारों की संख्या तीन प्रतिशत से ज्यादा नहीं है। यानी 97 प्रतिशत अंग्रेजी माध्यम वाले। यह आजाद देश है या अंग्रेजों का गुलाम? भारतीय भाषाओं की पक्षधर सरकार को इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। आत्मनिर्भर देश का नारा आत्मनिर्भर भाषाओं से ही संभव है। पिछली सदी के नौवें दशक में प्रशासनिक सेवाओं में रिक्तियों की संख्या सात सौ के करीब होती थी, जबकि आबादी कम थी। इस बीच बढ़ती जनसंख्या को संभालने के लिए सरकारी कार्यकलाप भी बढ़े हैं। माना कि यह निजीकरण का दौर है, लेकिन इतने विशाल देश को संभालने के लिए सरदार पटेल ने जिस 'स्टील फ्रेम' की वकालत की थी, उसे इतना कमजोर तो न किया जाए कि भविष्य में देश के प्रशासनिक तंत्र को संभालने के लिए मुश्किलें पैदा हों। भारतीय रेल इस विशाल देश की जीवन रेखा कही जाती है। पिछले दो वर्षों से सरकार ने इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा और सिविल सेवा परीक्षा के जरिये रेलवे में प्रतिवर्ष होने वाली लगभग 250 अफसरों की भर्ती बंद कर दी है। ऐसा ही डाक सेवा के साथ हुआ है। कई और विभागों में भर्ती शून्य की तरफ बढ़ रही है। क्या केंद्रीय सेवाएं सरकार के लिए इतनी गैर जरूरी हो चुकी हैं? यदि सरकारी ढांचे में कुछ कमी है, उसमें जंग लगी है तो उसे तुरंत सुधारने की जरूरत है।

# चीन की दबंगई रोकने के लिए क्वाड के साथ आकस भी आवश्यक

**पिछले** कुछ दिन हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर खासे हलचल भरे बीते हैं। क्वाड और आकस जैसे संगठन इस हलचल के केंद्र में रहे। चूंकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र समान विचार वाले लोकतांत्रिक देशों की सहभागिता और सक्रियता वाला ऐसा क्षेत्र है, जिनका उद्देश्य निरंतर निरंकुश होते चीन पर कुछ अंकुश लगाना है तो ऐसे देशों के इन दोनों संगठनों से यही अपेक्षाएं भी लगी हुई हैं। इस बीच अचानक से अस्तित्व में आए आकस ने अवश्य कुछ चौंकाने का काम किया है। आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के इस नए संगठन को लेकर आलोचना की जा रही है कि जब अमेरिका और आस्ट्रेलिया जैसे देश पहले से ही क्वाड के सदस्य हैं, तो फिर इस नए संगठन की क्या आवश्यकता थी? यदि ब्रिटेन को ही साथ लाना था तो क्वाड का विस्तार किया जा सकता था। जो लोग इन बिंदुओं पर आकस की आलोचना और इससे क्वाड के राह भटकने की बात कर रहे हैं वे सही नहीं हैं। सबसे पहली बात तो यही कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दबंगई और उसकी काट के लिए जारी अमेरिकी प्रयासों के बीच इतनी गुंजाइश अवश्य है कि उसमें एक से अधिक संगठन सक्रिय रह सकें। ऐसे में आकस और क्वाड के समांतर रूप से संचालन में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। हमें इन संगठनों की मूल प्रकृति



को समझना होगा। जहां क्वाड एक व्यापक विस्तार और साझेदारी वाला संगठन है, वहीं आकस विशुद्ध रूप से सामरिक साझेदारी का मंच। जिन्हें लगता है कि अमेरिका ने बहुत जल्दबाजी में आकस के गठन की दिशा में कदम बढ़ाए, उन्हें अमेरिकी तत्परता की वजह भी समझनी चाहिए। दरअसल, अफगानिस्तान से अपने सैनिकों की वापसी के बाद अमेरिका के बारे में यही धारणा बनती दिख रही थी कि वह अपने अन्य साझेदारों को भी अधर में छोड़ सकता है। ऐसे में इस धारणा को तोड़ने और अपने साथियों में भरोसा जगाने के लिए ही अमेरिका ने आकस की संकल्पना को जल्दी से साकार किया। इसीलिए परमाणु शक्तिसंपन्न राष्ट्र न होने बावजूद आस्ट्रेलिया को अमेरिका से परमाणु पनडुब्बियां मिलने जा रही हैं। इसके लिए अमेरिका ने फ्रांस जैसे पुराने साथी के कुपित होने की परवाह भी नहीं की। दरअसल कोरोना काल से ही आस्ट्रेलिया की चीन से अदावत चल रही है। इस स्थिति में उसे अमेरिका से किसी ठोस समर्थन की आवश्यकता थी। अमेरिका ने भी उसे निराश न कर यही संदेश दिया है कि वह अपने साथियों को मझधार में नहीं छोड़ेगा। वहीं आस्ट्रेलिया ने चीन को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि वह भले ही कई मामलों में उस पर निर्भर है, लेकिन उसकी आक्रामकता को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। आस्ट्रेलिया ने इसमें कोई मध्यमार्गी विकल्प न चुनकर एक स्पष्ट रुख अख्तियार किया है। उधर ब्रेक्जिट के बाद से ब्रिटेन भी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने नए सिरे से सक्रियता बढ़ाने की तैयारी में था। वैसे भी ये तीनों देश पुराने सहयोगी और साझेदार हैं। ऐसे में आकस पुराने और स्वाभाविक साथियों की सहभागिता का एक नया मंच ही है। किसी भी क्रिया की प्रतिक्रिया निश्चित होती है। आकस के मामले में भी यही हुआ। इस साझेदारी और आस्ट्रेलिया के साथ रक्षा करार से बाहर होने पर फ्रांस ने बहुत तल्ख तेवर दिखाए। केवल फ्रांस ही नहीं, बल्कि यूरोपीय संघ को भी यह नागवार गुजरा। भारत में भी एक तबके ने सवाल उठाए कि अमेरिका जो तकनीक भारत को देने के लिए तैयार नहीं, वह आस्ट्रेलिया को देने जा रहा है। यहां तक बातें हुईं कि आकस के अस्तित्व से क्वाड हाशिये पर चला जाएगा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-दिलशाद एस खान द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हों सो बी-2-301, इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड, मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: दिलशाद एस खान, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# चौथे दिन भी चला दिवा प्रभाग समिति का अवैध इमारत पर हथौड़ा

## क्या दिवा शहर में भी की जा रही है अवैध इमारतों पर कार्रवाई, यह किया जा रहा है सौतेला व्यवहार?

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा शिल।** ठाणे पालक मंत्री शंभू राज देसाई द्वारा उठाया गया आवाज की गूंज ठाणे मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर के कानों के अंदर पहुंच गई है। जिससे वह झिलमिला गए हैं और ठाणे की नव प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त को निर्देश जारी कर दिए हैं की अवैध बांधकामों पर कार्रवाई की जाए जिसकी बिजली और पानी की लाइन काट दी जाए और टैक्स ना लगाएं जाए यह आदेश पारित करने के बाद सभी नव प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त द्वारा कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई लेकिन देखा जा रहा है दिवा प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त अक्षय घुड़गे निर्माणाधीन इमारतों पर कार्रवाई करने के लिए कमर कसली है और वह बेधड़क कार्रवाई पर कार्रवाई करते जा रहे हैं उनके द्वारा की जारी कार्रवाई को लेकर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं क्या जिस प्रकार की कार्रवाई वह खान कंपाउंड परिसर में कर रहे हैं क्या उसी तरह की कार्रवाई दिवा शहर में की जा रही है या नहीं अगर नहीं तो क्या दिवा शहर में अवैध बांधकाम भू माफिया बिल्डर द्वारा धड़ल्ले से नहीं किया जा रहे हैं तो आखिर खान कंपाउंड में ही कार्रवाई का सिलसिला क्यों जारी रखा गया है आए दिन कोई ना कोई निर्माणाधीन इमारत को ध्वस्त किया जा रहा है आपको बताते चले गत 20 अक्टूबर शुक्रवार दोपहर शिबली नगर परिसर की बनने वाली निर्माणाधीन इमारत पर पोकलेन को चढ़ा कर उसे इमारत को खंडहर बना दिया गया जिससे बिल्डर का लाखों का नुकसान तो हुआ ही हुआ साथी गरीब जिन्होंने इस इमारत में घर खरीदा था वह भी लुट गए हैं आखिर गरीब जनता का कहना है ठाणे मनपा प्रशासन को अवैध इमारत पर करवाई करनी ही है तो इसे बन्ने ही क्यों दिया जाता है जब यह इमारतें बनती हैं तो क्या ठाणे मनपा प्रशासन के अधिकारी कुंभकरण की नींद सोते रहते हैं उस वक्त उन लोगों को दिखाई नहीं देता की भू माफिया बिल्डर द्वारा अवैध इमारत का निर्माण किया जा रही है अगर समय रहते कार्रवाई की जाती तो आज हमारा घरबार नहीं लुटता हम लोग सड़कों पर नहीं आते अगर बर्बादी की बात की जाए तो जितना बिल्डर जिम्मेदार है उतना ही ठाणे मनपा प्रशासन के अधिकारी भी जिम्मेदार है हमारी बर्बादी का।





# मस्जिद में लगी आग



**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** मुंब्रा शहर की एक मस्जिद में आग लगने का मामला प्रकाश में आया है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है आपको बताते चले गत 20 अक्टूबर शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे के आसपास कौसा परिसर स्थित दारुल सलाम नामी मस्जिद में अचानक आग लग गई फिलहाल आग लगने का कारण एसी मै शॉर्ट सर्किट होने का बताया जा रहा है इस घटना की सूचना मुंब्रा अग्निशमन दल को दी गई सूचना मिलते ही घटनास्थल पर अग्निशमन दल के कर्मचारियों द्वारा पहुंचकर आग पर काबू पाया गया बताया जा रहा है इस आग लगने से किसी के हताहत होने की कोई खबर सामने नहीं आई है लेकिन इस लगी आग से मस्जिदों के अंदर रखी काफी चटाई आग में जलकर स्वाहा हो गई है जिस प्रकार यह आग लगी है उससे पूरे परिसर में डर और दहशत के बादल छा गए हैं।

# आवारा कुत्तों ने मचाया शहर में आतंक, रहिवासी परेशान

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** मुंब्रा शहर में आवारा कुत्तों ने अपना आतंक मचा रखा है हर गली मोहल्ले में रात के समय कुत्तों की भौंकने की आवाज से स्थानीय रहवासी बुरी तरह से परेशान नजर आ रहे हैं और आवारा कुत्तों के भौंकने के साथ काटने का भी लोगों को डर लगा रहता है आपको बताते चले प्रभाग नंबर 30 किस्मत कॉलोनी डोंगरे नगर परिसर में आवारा कुत्तों ने अपना आतंक मचा रखा है इस मामले में स्थानीय रहवासी और समाजसेवक हाशिम शेख द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कि हमारे परिसर में आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा था हमारे परिसर में सेंट्रल पब्लिक स्कूल, माउंट मैरी स्कूल, के बच्चे जब घर की तरफ निकलते हैं या सुबह स्कूल के लिए आते हैं तब आवारा कुत्ते अपना ग्रुप बनाकर बच्चों पर भोंकते हैं जिससे बच्चों को काटने का भी डर लगा रहता है और तो और परिसर में मौजूद दो मदरसा कादरी और तकवा मैं पढ़ने आने वाले बच्चों के लिए आवारा कुत्ते खतरा बन गए थे हाशिम ने बताया कि हमारे परिसर की इमारत जास्मीन प्लाजा के रहवासी सुबह फजर की वक्त नमाज पढ़ने के घर से मस्जिद के लिए गए थे तब वापसी में एक आवारा कुत्ते ने उनका पैर पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए फिर मैंने इसकी शिकायत पशु चिकित्सा विभाग की डॉक्टर शिरोडकर मैडम से की उन्होंने मेरी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अलमास कॉलोनी परिसर में रहने वाले और जानवरों के डॉक्टर तनवीर से संपर्क कर सारे हालात बताएं उन्होंने तत्काल कुत्तों को पकड़ने वाली गाड़ी के साथ आए और हमारे परिसर से आवारा कुत्ते पकड़ कर ले गए हाशिम ने जनता से निवेदन किया है क्या अगर किसी के गली में ज्यादा तादाद अगर आवारा कुत्ते है तो वह पशु चिकित्सा महिला अधिकारी डॉक्टर शिरोडकर 9167025502,और डॉक्टर तनवीर से संपर्क कर सकते हैं 9619317118.



## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला

सरकारी नौकरियों में कॉन्ट्रैक्ट भर्ती का जीआर हाल के दिनों में बेहद विवादास्पद रहा है। खासकर शिक्षक और पुलिस जैसी सरकारी नौकरियों में संविदा भर्ती को लेकर काफी बवाल मचा है। लेकिन राज्य सरकार ने इससे जुड़े जीआर को रद्द कर पूरे मामले को खत्म करने की कोशिश की है। संविदा भर्ती नीति के बारे में बात करते हुए फडणवीस ने कहा, महाराष्ट्र में कॉन्ट्रैक्ट भर्ती को लेकर काफी हंगामा हो रहा है। दिलचस्प बात यह है कि जो लोग इसके लिए दोषी हैं, जिन्होंने ऐसा कदम उठाया, वही सबसे ज्यादा आवाज उठा रहे हैं। इसलिए मैं समाज के सामने उन लोगों को बेनकाब करना चाहता हूं जो कॉन्ट्रैक्ट भर्ती करने के दोषी हैं। देवेंद्र फडणवीस ने कहा, कॉन्ट्रैक्ट भर्ती को लेकर युवाओं के मन में असंतोष पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन ऐसी भर्ती कांग्रेस-एनसीपी द्वारा शुरू की गई थी। महाराष्ट्र में कॉन्ट्रैक्ट भर्ती का पहला निर्णय 13 मार्च 2003 को किया गया था। तत्कालीन कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी सरकार में सबसे पहले शिक्षा विभाग में संविदा भर्ती शुरू की गई थी। 2010 में जब अशोक चव्हाण मुख्यमंत्री थे, तब जीआर जारी कर कॉन्ट्रैक्ट भर्ती शुरू की गई। 2010 में अशोक चव्हाण ने पहला जीआर जारी किया। फिर उन्होंने 6,000 कॉन्ट्रैक्ट पदों के लिए जीआर निकाला। बीजेपी नेता ने आगे कहा, आज मेरे पास बहुत सारे दस्तावेज हैं, सभी को बेनकाब करूंगा। 1 सितंबर 2021 को उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट भर्ती को मंजूरी दी. 2 सितंबर को इसका मसौदा महाटेंडर पोर्टल पर जारी किया गया।

### महाराष्ट्र: वैज्ञानिक बहू ने 20 दिन तक खेला मौत का खेल!

दोनों ने अपना गुनाह भी कबूल कर लिया है। खुद आरोपी बहू ने पुलिस को बताया कि उसने कैसे एक घातक केमिकल का इस्तेमाल करके सास, ससुर, पति, ननद और मौसी को तड़पा-तड़पाकर मारा। जानकारी के मुताबिक, 22 वर्षीय आरोपी बहू संघमित्रा रोशन कुंभारे कृषि वैज्ञानिक है। जबकि उसका साथ देने वाली दूसरी महिला संघमित्रा के मृतक पति की मामी है। बहू संघमित्रा का कहना है कि ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। उसका पति रोशन कुंभारे उसके साथ मारपीट करता था। कथित तौर पर इससे परेशान होकर उसके पिता ने आत्महत्या कर ली। पिता के मौत का बदला लेने के लिए संघमित्रा ने पूरी साजिश रची। वहीं, आरोपी मामी रोजा रामटेके (52 वर्ष) का पीड़ित परिवार के साथ पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद था. पुलिस ने कहा कि बहू और मामी ने मिलकर ही पूरे परिवार को मौत के घाट उतार दिया. कैसे पांच लोगों की हत्या की साजिश रची गयी. आईये इसके बारे में विस्तार से जानते है. एक ही घर में पांच लोगों की मौत होने से गढ़चिरौली की अहेरी पुलिस भी सकते में आ गयी. शुरू में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया, लेकिन फिर मौत की वजह स्पष्ट नहीं होने से शक हुआ. दरअसल कुंभारे परिवार के पांचों सदस्यों पर जहर का असर होने के बाद तबीयत बिगड़ी और एक-एक कर उनकी मौत हो गयी. किसी को उल्टी, तो किसी को दस्त होने लगे. इसलिए किसी को शक नहीं हुआ कि उन्हें जहर दिया गया है. वहीं गांव में भूत-प्रेत की अफवाह भी फैल गई. लोगों का मानना था कि यह बुरी शक्तियों का काम है। हालांकि पुलिस ने जब गहनता से छानबीन की तो पता चला कि परिवार के पांच सदस्यों की 'रहस्यमय मौत' की वजह अत्यधिक घातक जहर- थैलियम है. धीरे-धीरे कड़ियां जुड़ती गयी और पुलिस के हत्थे बहू और मामी चढ़ी. दोनों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में दोनों ने भयावह हत्या का सारा सच उगल दिया।

### ड्रग्स माफिया ललित पाटील मामले में 16वीं गिरफ्तारी

आरोप है कि ललित पाटील का नशीले पदार्थों का कारोबार नेताओं की छत्रछाया में फल-फूल रहा था। इस बीच, राज्य के डिप्टी सीएम व गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर बड़ा आरोप लगाया है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने (20 अक्टूबर) एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ललित पाटील को 10 नवंबर 2020 को गिरफ्तार किया गया था... उस वक्त उद्धव ठाकरे ने उसे नासिक का शिवसेना प्रमुख बनाया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसकी कोर्ट से कस्टडी मांगी। तब पुलिस को ललित की 14 दिन की हिरासत मिली. लेकिन ललित को तुरंत पुणे के ससून अस्पताल में भर्ती कराया गया... न कोर्ट में पूछा गया.. न कोई अर्जी दी गई... फिर न ललित की हिरासत मांगी गयी। अपराधी की साधारण जांच भी नहीं की गयी... पुलिस पर किसने दबाव डाला? मुख्यमंत्री या गृहमंत्री ने? और भी बहुत सी चीजें हैं। लेकिन आज नहीं बताऊंगा...! इस बीच, आज मुंबई पुलिस ने बताया कि ड्रग्स माफिया ललित पाटील केस में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा, ड्रग रैकेट चलाने वाले ललित को छिपने में मदद करने वाले शख्स सचिन वाघ को साकीनाका पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# डॉ.अर्चना देशमुख को नवरात्रि के चलते गोरेगांव स्थित अंबे माता मंदिर में विशेष अतिथि के तौर पर किया गया निमंत्रित



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** जय अम्बे बुधवार, 18 अक्टूबर 2023 को श्रावणसखी मंगलौर ग्रुप गोरेगांव पश्चिम द्वारा नवरात्रि के अवसर पर आरे रोड स्थित अंबाबाई मंदिर में शाम 4 से 6 बजे तक देवी के जागर और भोंडला का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को डॉ. अर्चना देशमुख का आशीर्वाद मिला। अम्बाबाई मंदिर और डॉ.अर्चना देशमुख को धन्यवाद। श्री अम्बामाता देवी के चरणों में प्रार्थना है कि, श्रवणसखी समूह को भी ऐसा ही अवसर मिले।

# डॉ जान जोसेफ का मार्निंग वॉक ग्रुप द्वारा जन्मदिन मनाया गया

**मुंबई हलचल/नूर मोहम्मद शेख**

**बागली** नगर के मॉर्निंग वॉक ग्रुप द्वारा बरसों से सुबह प्रातः काल की सैर शुद्ध ताजा ऑक्सीजन वातावरण के साथ, जिसमें एलोपैथिक होम्योपैथिक आयुर्वेदिक यूनानी आदि किसी पैथी की सलाह की जरूरत नहीं होती। सभीने मॉर्निंग वॉक को मान्यता दे रखी, ग्रुप की वर्षों से परंपरा के साथ आज बागली नगर के प्रसिद्ध जोसेफ हास्पिटल के मुख्य चिकित्सक व मार्निंग वॉक ग्रुप के संरक्षक डॉ जान जोसेफ का जन्मदिन ग्रुप की परंपरा अनुसार प्रातः काल में हर्षोल्लास के साथ केक काटकर तथा मिठाई वितरण कर मनाया गया।



इस अवसर पर डॉ जान जोसेफ के साथ उनकी पत्नी व प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ लिली जोसेफ तथा बिटिया भी उपस्थित रहे। ग्रुप के वरिष्ठ सम्मानित सदस्य सुरेन्द्र सिंह उदावत,महेश सोनी, रामचंद्र धुलिया, विनय बोथरा,सीताराम राठौर, नेमीचंद तंवर,महेन्द्र तंवर, संतोष परमार, देवेन्द्र सिंह बैंस, प्रहलाद चावड़ा, वासुदेव जोशी,सुभाष कौशल, भीम सिंह ठेकेदार,नेमीचंद, कारपेंटर, मोहनलाल मंशारे,इन्दर गोठी, महेंद्र सोलंकी, हरीनारायण देवड़ा,सुरज वास्केल,विलाम वास्केल, गोपाल डावर, नवीन मोर्य, यशवंत बामनीया, कल्याण नटेरीया, बलराम खराडीया,सु, संतोष शर्मा, कालू मामा, हुकुम टांक, बाबूलाल मानधन्या आदि ने पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर जन्मदिन की मंगलमय शुभकामनाएं प्रेषित की। मार्निंग वॉक ग्रुप द्वारा परंपरा अनुसार अपने सभी सदस्यों का पारिवारिक परिवेश में इसी तरह जन्मोत्सव मनाकर प्रेम, सद्भावना और सौहार्द का संदेश दिया जाता है तथा आम जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति सजग कर स्वस्थ जीवन के लिए शुबह की सेर का महत्व बताया जाता है।

# मानव श्रंखला के माध्यम से बागली विधानसभा के ग्राम पुंजापुरा में मध्यप्रदेश का नक्शा बनाकर दिया मतदान करने का संदेश

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देवास** 20 अक्टूबर 2023/ विधानसभा निर्वाचन-2023 में शतप्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषव गुप्ता के निदेर्शानुसार जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे है। जनपद पंचायत बगली में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम पंचायत पुंजापूरा में वसुंधरा स्कूल में स्कूली बच्चों, महिलाओं के माध्यम से मध्यप्रदेश का नक्शा मानव श्रंखला के माध्यम से बनवाकर शत प्रतिशत मतदान करने का सन्देश दिया गया। इस दौरान सभी उपस्थितजनों द्वारा शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली गई। हस्ताक्षर अभियान में सभी ने अपने हस्ताक्षर किये, तथा मैं हुँ मतदाता की सेल्फी भी ली।




# मधुबनी नगर निगम क्षेत्र में हुआ जन सुराज वाहिनी युवा उन्नति प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधूबनी।** मधुबनी मेडिकल कॉलेज के कैटोला चौक स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में जन सुराज युवा वाहिनी उन्नति प्रतियोगिता का आयोजन जनसुराज सेवक मधुबनी सह बिस्फी विधानसभा सेवक मंजूर आलम द्वारा आयोजित किया गया। छात्र/छात्राओं ने प्रतियोगिता परीक्षा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं के बीच सहभागिता प्रमाण पत्र वितरण किया गया। समापन पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल स्तर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षा होने से बच्चों में प्रतिभा का विकास होता है। खासकर कमजोर बच्चों को आगे बढ़ने में सहायक होता है। प्रतियोगी परीक्षाएं करियर चयन में भी सहायता करती हैं क्योंकि छात्र विषयों की गहरी समझ हासिल करते हुए अपनी रुचि के क्षेत्रों को पहचानना शुरू करते हैं। यह आत्मविश्वास बढ़ाने, आत्म-विश्लेषण, कौशल विकसित करने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और सीखने को प्रोत्साहित करने सहित कई छेत्रों में में मदद करता है। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा का मुख्य उद्देश्य कौशल को बढ़ाना और प्रक्रिया में सीखना है। प्रतिस्पर्धा वास्तव में लक्ष्य-निर्धारण और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए काम करने के बारे में है। इसके अलावा, प्रतिस्पर्धा बच्चों को खुद पर विश्वास करने, आवश्यक कड़ी मेहनत करने और अपने करियर के पथ के लिए तैयारी करने के लिए आगे बढ़ने की अनुमति भी देती है। बच्चों को न केवल परीक्षा में बल्कि जीवन में भी आगे बढ़ने के लिए स्वस्थ तरीके से प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करनी चाहिए। अंत में मंजूर आलम ने कहा कि 29.10.2023 को आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी का आगमन मधुबनी जिले में हो रहा है, और लगभग एक महीना तक मधुबनी के विभिन्न प्रखण्डों में पदयात्रा करेंगे आप सभी से आग्रह है कि पदयात्रा में शामिल होकर आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी के हाथों को मजबूत करेंगे।




# प्रसिद्ध मार्शल आर्ट गुरु डॉ. चीता यज्ञेश शेट्टी बने 9 ड्रॉप्स व बी 9 हनी के ब्रांड एम्बेसडर



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सिनेमा** जगत के प्रख्यात मार्शल आर्ट गुरु चीता यज्ञेश शेट्टी अब 9 ड्रॉप्स व बी 9 हनी के ब्रांड एम्बेसडर बन गए हैं। उन्होंने हाल ही में मैसूर में भारत के पहले Bee9 कैफे और हनी स्टोर का उद्घाटन किया। इस समारोह में वह मुख्य अतिथि के रूप में हाजिर रहे। डॉ. चीता यजनेश शेट्टी ने कहा कि 9 ड्रॉप्स और बी 9 हनी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में काम करने पर मैं काफी सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। मैंने मैसूर में 15 अक्टूबर 2023 को भारत के पहले Bee9 कैफे और हनी स्टोर का उद्घाटन किया। इसके मालिक प्रसाद शेट्टी को मेरी ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ। Bee9 कैफे और हनी स्टोर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कई और भी हस्तियाँ शामिल थीं जिनमे श्री गोपी माल्या (चेयरमैन माल्या ग्रुप मुम्बई), श्रीमती सुजाता एस लाड (इंडस्ट्रियलिस्ट संदूर बेल्लारी), श्री जी जे संतोष (ब्लू वाटर्स एडवेंचर स्पोर्ट्स, पॉन्डिचेरी), श्री पी के वेंकटेश (एग्री मार्केटिंग रिटायर्ड) और अनूप (बी 9) का नाम उल्लेखनीय है। बता दें कि एक्शन डायरेक्टर चीता यज्ञेश शेट्टी मार्शल आर्ट के जरिए युवाओं को प्रेरित करते आ रहे हैं। वह अब तक 150 से ज्यादा बॉलीवुड स्टार्स को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दे चुके हैं। 'निर्भय महिला अधिकारिता एवं प्रशिक्षण' कार्यक्रम के तहत वह अब तक करीब 10 लाख महिलाओं को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दे चुके हैं। डॉ चीता यज्ञेश शेट्टी काफी साल से महिलाओं को मार्शल आर्ट और आत्मरक्षा के तरीके सिखा रहे हैं और उनमें आत्मविश्वास पैदा कर रहे हैं। 'चीता जीत कुने दो ग्लोबल स्पोर्ट्स फेडरेशन' के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ चीता यज्ञेश शेट्टी देश भर में 'महिला सशक्तिकरण और आत्मरक्षा कार्यक्रम' में शामिल हैं।

# पटौदी की रामलीला बनी लोगों में आकर्षण का केंद्र

## मुस्लिम समुदाय से रामलीला में समाजसेवी डॉ.राजू खान भी निभा चुके है रावण का किरदार

### रामलीला के हर पात्र से हमें प्रेरणा मिलती है : डॉ. गौतम तंवर

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**


**पटौदी।** कस्बे की बावड़ी मोहल्ला स्थित बाबा गोरधन दास रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला का भव्य मंचन हो रहा है जिसमें हजारों की तादात में बच्चे,महिला,बुजुर्ग लोग रामलीला देखने के लिए आ रहे हैं। बताया जा रहा है की यह रामलीला हिंदू - मुस्लिम एकता का संदेश भी देती है बता दें की यहां कई वर्षों तक मुस्लिम युवाओं द्वारा कई पात्र जैसे रावण, सुग्रीव, केकेई, सूर्पनखा व हनुमान का रोल अदा किया है। गौरतलब है की ऐसे ही इसी मंच पर कई वर्ष रावण का रोल अदा करने वाले पटौदी के युवा समाजसेवी और बुजुर्ग सेवा फाउंडेशन के महासचिव डॉ. राजू खान पटौदी सहित बुजुर्ग सेवा फाउंडेशन हरियाणा अध्यक्ष डॉ.गौतम सिंह तंवर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।मंच के माध्यम से मुख्य अतिथि डॉ. राजू खान ने कहा की रामलीला मंचन को केवल मनोरंजन ना बनाएं श्री राम के चरित्र से हमें बुराइयों को त्याग कर अच्छाई पर चलने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर डॉ. गौतम सिंह तंवर ने कहा कि श्रीराम लीला मंचन के हर पात्र से हमें कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है। हमें भगवान श्रीराम के दिखाएं रास्ते पर चलना चाहिए। इस अवसर पर रामलीला कमेटी प्रधान नेकी राम दोचानिया, उप प्रधान संजय सैनी, पार्षद मनोज कुमार सहित सोनू यादव जनौला सहित काफी संख्या लोग मौजूद थे।



# गौशाला व प्रशासन की अनदेखी के अभाव में इधर -उधर मुंह मार रहे है बेजुबान जानवर

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**जलगांव।** गाय का हिंदू धर्म में प्राचीन काल से बहुत ही पूजनीय स्थान है। ऐसा भी माना जाता है की गाय के अंदर 36 करोड़ देवी -देवता समाहित है और हर शुभ कार्यों के लिए गाय की पूजा की जाती है यहां तक की अमावस्या के दिन तो इस बेजुबान पशु की बहुत ही अच्छी तरह से देख भाल की जाती है। बता दें की गौभक्तों द्वारा गाय को गौमाता का दर्जा देने वाले लोगों को किया जलगांव जिले में कुछ स्थानों पर आवारा घूमती बेजुबान पशु नजर नहीं आती या फिर वे सिर्फ गौमाता की जय बोलने तक ही सीमित है। वर्तमान में कूड़े कचरे के ढेर में मुंह मारती या फिर हाईवे पर टहलती हुई मिलना ये कोई नई बात नही है। कुछ लोगों का कहना है की इन आवारा गायों को प्रशासन की मदद से गौशाला में भेज देना चाहिए। ताकि इनका भरण पोषण सही से हो सके जिससे सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशुओं द्वारा होने वाले रोड एक्सीडेंट से भी बचा जा सके।



# अष्टादश भुजेश्वरी मां दुर्गा शक्तिपीठ में हुआ आरती व भजन संध्या, रजिस्ट्रार भी पहुंचे

## अलख आश्रम के तीनों धुना के समक्ष साधक कर रहे हैं साधना

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**खगड़िया (बिहार)।** अघोर राजतंत्र के संस्थापक बाबा दिनेश गुरु अलख द्वारा 111 नरमुंड पर स्थापित अष्टादश भुजेश्वरी दुर्गा मन्दिर में भक्तजनों की संख्या में वृद्धि रही है। ज़िले के अलावा मुंगेर, गया, नवगछिया समस्तीपुर, पटना ज़िले से भी बाबा के अनुयायी बाबा से आशीर्वाद लेने और माता रानी का दर्शन एवं पूजा अर्चना करने के साथ साथ अलख आश्रम में बने तीनों धुना के समक्ष बैठ कर साधना करने पहुंच गए हैं। गुरु अलख के सान्निध में संध्या आरती एवं भजन गायन आचार्य राम जी मिश्र (दिल्ली), डॉ अरविन्द वर्मा तथा दिव्या कुमारी ने की। आरती और भजन कार्यक्रम में पुरुष, महिलाएं, कुंवारी कन्याएं तथा बच्चे भी शरीक हुए। उपस्थित भक्तजनों में प्रमुख थे रजिस्ट्रार नवनीत कुमार, वरिष्ठ समाज सेवी व पत्रकार डॉ अरविन्द वर्मा, एडवोकेट अजय कुमार सिंह, वरुण सिंह, दिव्या कुमारी, मुकेश वर्मा, अरुण वर्मा, विजय सिंह, अमन कुमार तथा आनंद राज आदि।



# चालीसगांव में अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री के विरोध में आमरण अनशन

## वंचित बहुजन आघाड़ी ने सौंपा जिलाधिकारी को ज्ञापन

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**जलगांव।** जिले के चालीसगांव शहर में इन दिनों नशीले पदार्थों की बिक्री धडल्ले से हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार वंचित बहुजन आघाड़ी चालीसगांव ब्लॉक अध्यक्ष विलास आधार चव्हाण ने बताया की जिलाधिकारी कार्यालय के सामने वंचित बहुजन आघाड़ी द्वारा आमरण अनशन पर बैठे हुए है। उन्होंने बताया की अवैध धंधे सहित नशीले पदार्थों की बिक्री चालीसगांव में जोर शोर से चल रही है। जो बिल्कुल भी थमने का नाम नहीं ले रही है। विलास ने बताया की उक्त समस्या को लेकर वे जिलाधिकारी से मिल समस्या से भी अवगत करा चुके है लेकिन अभी तक चालीसगांव में अवैध रूप से बिक रहे गुटखे, कच्ची शराब, गांजा, जुआ -सट्टे सहित रेती चोरी की घटनाओं पर कोई लगाम नहीं लगी है जिसको लेकर स्थानीय लोग भी काफी परेशान है। बताया जा रहा है की चालीसगांव में होटल व लॉज में भी अवैध धंधे खूब फल फूल रहे है। जिसको लेकर कलेक्टर ऑफिस के सामने वंचित बहुजन आघाड़ी द्वारा आमरण अनशन किया जा रहा है। लोगों का कहना है की पुलिस द्वारा इस संदर्भ में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसको लेकर जिससे अवैध रूप से कार्य करने वाले लोगों के हौसले बुलंद है। लोगों का कहना है की चालीसगांव में इस तरह के अवैध कार्यों पर पूर्णतः पाबंदी लगानी चाहिए जिससे की स्कूल,कॉलेज में पढ़ने वाले युवा -युवतियों के सामाजिक जीवन पर कोई गलत प्रभाव न पड़े। धरना आंदोलन में उपस्थित लोगों ने चालीसगांव में अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री को लेकर खेद प्रकट किया है।




# काली जी के दरबार में विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



**मुंबई हलचल/गिरजा शंकर अग्रवाल**

**कोंच** नगर के प्रमुख सराफा बाजार में करीब बत्तीस वर्षो से बैठ रही महाकाली माता नवरात्रि जागरण का आयोजन होता आ रहा हैं। इस वर्ष भी विगत वर्षो की भांति महाकाली माता नवरात्रि जागरण का आयोजन किया गया जिसमे श्रद्धालुओ के द्वारा काली माता के श्री चरणों में विशाल भंडारे का आयोजन भक्तो के द्वारा आयोजित किया गया है। माता काली के दरबार में भक्तो की विशाल भीड़ देखने को मिली हैं।




दैनिक मुंबई हलचल

## जरुरी सूचना

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक

9821238815

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मुंबई भांडुप (पश्चिम) में 18 वां सालाना जशने मूए मुबारक की जियारत

**मुंबई हलचल/ अजय उपाध्याय**

**मुंबई।** तमाम वाबिस्तगाने सिलसिला और आशिकाने औलिया अल्लाह को यह खुश खबरी दी जाती है की खानकाह महफीले हसनी आश्रम खिंडीपाडा भांडुप मुंबई में जेरे साया हजरत अल्हाज ख्वाजा सूफी सैय्यद मंसूर उल हसन शाह सरकार कुतुबुल औलिया(कादरी, चिश्ती, अबुलउलाई, जहांगीरी, हसनी) जेरे सरपरस्ती हजरत ख्वाजा सूफी सैय्यद वसीम - उर - रहमान शाह सरकार ताज उल अस्फीया जुगनू मियां सरकार(कादरी, चिश्ती, अबुलउलाई, जहांगीरी, हसनी, मंसूरी) सैयदना इमाम हसन व सैयदना इमाम हुसैनअलेहिस्सलाम और सैयदना गौस ए



आजम रजी अल्लाह अनहो के मुए मुबारक शरीफ की जियारत १० रबी उल आखिर दिन जुमेरात मुताबिक २६ अक्टूबर २०२३ को शाम ५ बजे से रात ८ बजे तक कराई जाएगी। नमाज जोहर महफीले मिलाद शरीफ का प्रोग्राम बाद नमाज असर दरूद शरीफ का विर्द, चिरागां, गुलपोशी और वजीफा ख्वानी बाद नमाज ईशा जिक्र फातेहा ख्वानी महफिले समा व तकसीम ए लंगर को मुकाम दरगाह कुतुबुल औलिया महफिले हसनी आश्रम मुरशिद नगर खिंडी पाडा भांडुप (पश्चिम) मुंबई मे रखा गया है। आप तमाम लोग इस जियारत पाक में तशरीफ लाएं और मूए मुबारक शरीफ की जियारत कर के फैजान हासिल करें।

## राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान द्वारा गरबा नृत्य में प्रथम व द्वितीय आने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** उदयपुर (मदन चौधरी) उदयपुर के हर्ष नगर 21अक्टूबर 23, हरिओम महिला गरबा मंडल की पूर्व पार्षद आभा आमेटा के नेतृत्व में 9 दिवसीय गरबा महोत्सव प्रतियोगिता में प्रथम श्रेणी द्वितीय श्रेणी व तृतीय में आने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान के सम्मान पत्र द्वारा सम्मानित करेंगे और आभा आमेटा व उनकी टीम के द्वारा पारितोषिक दिए जाएंगे, संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन चौधरी, छवि प्रिया (राष्ट्रीय प्रवक्ता) व राष्ट्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष निर्मल कुमार पंडित (अधिवक्ता), प्रदेश अध्यक्ष गंगाराम पटेल, विधि एवं सलाहकार गजेंद्र पूर्बिया, जिला अध्यक्ष हरीश नवलखा, उपाध्यक्ष बाबूलाल ओड, महिला मोर्चा अध्यक्ष शकुंतला सोनी उपाध्यक्ष कुसुम लता सुहालका, विधि सलाहकार आशा जैन एवं टीम के पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## वन बुलढाणा मिशन द्वारा 100 बैंक मित्रों को नियुक्ति पत्र का वितरण

**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** वन बुलढाणा मिशन के संस्थापक एवं राजर्षी शाहू परिवार के अध्यक्ष संदीपदादा शेळ्के द्वारा 100 बैंक मित्रों को नियुक्ति पत्र दिया गया. यह कार्यक्रम 20 अक्टूबर को यहां बुलढाणा रेजीडेंसी में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर राजर्षी साहू मल्टीस्टेट अध्यक्ष मालतीताई शेलके, महाप्रबंधक नितिन उबले, सैपैक्ट प्रो. लिमिटेड संस्थापक एवं सीईओ संदीप पाटिल, स्थापना अधिकारी कृष्णा सावले प्रमुख उपस्थित




रहे। बैंकमित्रों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिन-प्रतिदिन के कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर संदीपदादा शेलके, मालतीताई शेलके ने मार्गदर्शन किया। कल से बैंक मित्र अपनी शाखा से जुड़कर वास्तविक कार्य प्रारंभ कर देंगे। बैंकमित्र अवधारणा को राजर्षि साहू क्रेडिट यूनियन के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है। बैंकमित्र नया बैंक खाता, पैग्मी खाता, गोल्ड लोन खोलने, संस्था के कार्यों की जानकारी देने के अलावा कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, सहयोग समेत अन्य कार्य करेगा।

# प्रियंका गांधी की रैली व जनसभा में सैलाब उमड़ा ईआरसीपी का मुद्दा मुख्य रुप से छाया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान दौसा।** ईआरसीपी के मुद्दे को लेकर दौसा जिले के सिकराय के कंदोली में आयोजित कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की रैली व जनसभा में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकताओं की भी बड़ी संख्या देखी गई। इसी कड़ी में श्रीमाधोपुर विधानसभा सहित प्रदेश भर से टिकट के दावेदार कांग्रेस जनों ने अपने समर्थको सहित भीड़ जुटा कर अपनी ताकत दिखाई श्रीमाधोपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से टिकट मांग रहे युवा नेता बलराम यादव अपने समर्थकों सहित प्रियंका गांधी की रैली व जनसभा में पहुंचे। इससे पूर्व यादव ने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बलराम यादव दौसा जिले के सिकराय होते हुए कंदोली सभा स्थल पहुंचे तथा रैली व जनसभा की तैयारी में जुटे। उनके समर्थक व पार्टी कार्यकताओं ने हर स्तर पर



मोर्चा संभाला तथा क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए विभिन्न समाजों के लोगों से संवाद किया।वहीं प्रियंका गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने राजस्थान के 13 जिलों के लिए पेयजल संबंधी ईआरसीपी परियोजना से राजस्थान को वंचित किए जाने पर मोदी सरकार को आडे हाथों लिया। साथ ही कहा कि भाजपा मुद्दों की राजनीति के बजाय आपस में लड़ाने का काम करती है। प्रियंका गांधी ने कांग्रेस की एकता पर बल देते हुए सभी कांग्रेसजनों से एकजुट होकर विधानसभा चुनाव में भारी मतों से कांग्रेस पार्टी को रिपीट कराने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने ईआरसीपी के मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार रिपीट होते ही इस परियोजना को कांग्रेस की राजस्थान सरकार अपने स्तर पर व्यवहारिक स्वरूप प्रदान करेंगी। प्रदेश के 13 जिलों की जनता को पेयजल परियोजना से लाभान्वित कर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जनसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सह प्रभारी काजी निजामुद्दीन, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित तमाम आला नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस बीच बलराम यादव ने श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र से आई जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी क्षेत्रीय पत्रकार बाबू अंसारी ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी है।

## नैनीताल पुलिस ने बनबसा से हल्द्वानी आई अध्यापिका का कीमती जेवरात व समान से भरा बैग वापस लौटाया, अध्यापिका ने पुलिस का आभार जताया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नैनीताल।** दिनांक 20.10.2023 को अरूणा अध्यापिका ग्रोरियस स्कूल बनबसा से रोडवेज हल्द्वानी पर उतरकर टेंपो से लालडांट मुखानी को जा रही थी। उन्होंने उस टेंपो में अपना सामान भी रखा। इस दौरान उनका एक बैग रोडवेज स्टेशन पर ही छूट गया, जिसमें उनके किमती आभूषण व सामान था।




उसी समय वहां पर मौजूद एक मंगलपडाव के व्यापारी श्री विजय गुप्ता की नजर बैग पर पड़ी। जिन्होने आस - पास रोडवेज पर पता किया। काफी खोजबीन करने पर भी बैग के मालिक का पता न मिलने पर वह बैग को लेकर हरबन्स सिंह पुलिस अधीक्षक नगर हल्द्वानी* के कार्यालय पहुंचे। इसके उपरान्त एसपी सिटी हल्द्वानी के निर्देश पर कोतवाली हल्द्वानी पुलिस द्वारा उक्त महिला की खोजबीन की गई और एसपी सिटी हल्द्वानी के माध्यम से उक्त बैग जिसमें कीमती जेवरात ब्रेसलेट, अंगूठी, कान के झूमके व अन्य महत्वपूर्ण सामग्री थी को अध्यापिका अरूणा के सुपुर्द किया गया। अध्यापिका ने अपना खोया बैग वापस पाकर नैनीताल पुलिस का आभार जताया।

## मित्रता व सेवा कु भाव दगड़ी सुरक्षा कु फर्ज भी निभोणी च पौड़ी पुलिस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पौड़ी।** अकेला रैण वाला बुजुर्गों का घौर जै जै कि पुछ्णी च कुशलछेम। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा जनपद पौड़ी के समस्त थाना प्रभारियों को पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड द्वारा सीनियर सिटीजन की सुरक्षा हेतु निर्गत निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके क्रम में आज दिनाँक 20.10.2023 को जनपद की



धुमाकोट पुलिस ने एकल बुजुर्गो के घर जाकर उनसे मुलाकात की गयी और उनका हालचाल जानकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निदान किया गया। पुलिस टीम द्वारा बुजुर्गों को अपना मोबाइल नम्बर व आपातकालीन नम्बर डायल-112 दिया गया, ताकि वे किसी भी तरह की परेशानी होने पर पुलिस को तुरन्त बुला सकें। घर में अकेले रह रहे बुजुर्गों पर पौड़ी पुलिस द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि उनके साथ कोई अनहोनी की घटना कारित न कर सकें और बुजुर्गों भी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें।


## पिथौरागढ़ पुलिस ने सड़क पर तेज रफ्तार दोपहिया वाहन चलाकर हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 5 वाहन किये सीज

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कोतवाली पिथौरागढ़ पुलिस ने अवैध शराब सहित एक व्यक्ति, शान्ति व्यवस्था भंग करने में 01 व्यक्ति तथा शराब पीकर वाहन चलाने पर 02 वाहन चालक सहित कुल 04 लोगों को किया गिरफ्तार,सड़क पर तेज रफ्तार दोपहिया वाहन चलाकर हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 5 वाहन किये सीज ।यातायात नियमों का उल्लंघन करने व मिशन मर्यादा के तहत कुल 103 लोगों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़,लोकेश्वर सिंह के निर्देशानुसार, जनपद क्षेत्रान्तर्गत सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रुप से अंकुश लगाने हेतु शराब के नशे में वाहन चलाने वालों/ यातायात नियमों का उल्लंघन करने/ सरेआम उत्पात मचाने/ लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध के विरुद्ध की जा रही कड़ी वैधानिक कार्यवाही के क्रम में दिनांक-19.10.2023 को चण्डाक चौकी से हे0 का0 जय कुमार तथा हे0 का0 राजकुमार* द्वारा चैकिंग के दौरान अभियुक्त कमलेश सिंह को 16 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कोतवाली पिथौरागढ़ में धारा 60 आबकारी अधिनियम* के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया । उ0नि0 बसन्त पन्त व उ0नि0 जावेद हसन* मय कोतवाली पिथौरागढ़ पुलिस टीम द्वारा शान्ति व्यवस्था ड्युटी के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने में दो वाहन चालक क्रमशः अंकित कोहली व विनोद विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर वाहनों को सीज किया गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रोजाना सिर्फ 5 मिनट करें पावर योग, चेहरे पर आएगा निखार



योग हमारी हेल्थ के लिए कितना अच्छा होता है, ये बात हमें शायद आपको बताने की जरूरत नहीं है क्योंकि आज लगभग हर महिला जानती हैं कि योग उनके तन-मन के लिए कितना फायदेमंद होता है। साथ ही ये बालों के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है लेकिन आज हम आपको पावर योग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सिर्फ 5 मिनट करके ना केवल आप लंबे समय तक हेल्दी रह सकती हैं बल्कि आपके चेहरे पर स्पेशल निखार भी आने लगेगा। इसे करने से पूरी बॉडी की एक्सरसाइज एक साथ हो जाती है। सिर्फ 5 मिनट पावर योग से आप खुद को फिट रख सकती हैं। पावर योग एरोबिक्स की तरह है क्योंकि इसमें मूवमेंट अन्य योग क्रियाओं से तेज होती हैं। अगर आप हर रोज सिर्फ 5 मिनट भी पावर योगा कर लेंगी तो आपको अपनी बॉडी में बहुत जल्दी ही बदलाव महसूस होने लगेगा। आज हम आपको सूर्य नमस्कार के अलावा ऐसे 3 पावर योग के बारे में बताएंगे जिन्हें करने से ना केवल आपकी हेल्थ अच्छी रहेगी बल्कि चेहरे पर स्पेशल ग्लो भी देखने को मिलेगा।

**सूर्य नमस्कार**

हेल्थ के प्रति जागरूक महिलाओं के लिए सूर्य नमस्कार एक वरदान है। इससे न केवल एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न होती है बल्कि पेट की मसल्स भी सही शेप में आ जाती है। इसके अलावा सूर्य नमस्कार रेगुलर करने से महिलाओं के पीरियड्स से जुड़ी सभी प्रॉब्लम दूर होती है, शरीर में लचीलापन आता है, पेट ठीक रहता है, चेहरे पर गजब का निखार आता है और यह झुर्रियां आने से रोकता है जिससे आप लंबे समय तक जवां और खूबसूरत दिखती है। सूर्य नमस्कार को सुबह के समय सूरज की ओर चेहरा करके ही करना चाहिये क्योंकि सूरज हमें एनर्जी प्रदान करता है।

**धनुरासन**

धनुरासन को भी पावर योग ही माना जाता है। इसे करने से बॉडी अच्छे से डिटॉक्स हो जाती है, जिससे मुंहासों का आना कम हो जाता है और स्किन पर गजब का निखार आने लगता है। इस आसन को करने से पेट का फैट कम होता है और स्किन पर ग्लो आता है। इस पावर योग को करने के लिए सबसे पहले पेट के बल लेट जाए। दोनों पैरों को मिलाकर घुटनों से मोड़ें। फिर दोनों हाथों को पीछे ले जाकर दोनों पैरों को टखनों से पकड़ें और सांस बाहर छोड़ते हुए पैरों को खींचें। साथ-साथ सिर को पीछे की ओर ले जाने की कोशिश करें। शरीर का सारा वजन आपकी नाभि पर होना चाहिए। सांस खींचते हुये पकड़ ढीली करें। यह क्रिया, कई बार करें।

**अधोमुखश्वानासन**

इस योगाभ्यास को करने से चेहरे का ब्लड फ्लो बेहतर होने से स्किन पर ग्लो आता है। साथ ही मसल्स एक्टिव होते हैं। शायद आपको पता नहीं इस योग के रोजाना अभ्यास से पैर और गर्दन का स्ट्रेस भी कम होता है और पैरों को आराम मिलता है। इसे करने के लिए आप दोनों हाथों और घुटनों पर खड़े हो जाए। फिर सांस छोड़ते हुए हिप्स को ऊपर की ओर उठाए और कोहनी और घुटनों को सीधा रखें। जितना संभव हो उतना हाथों और पैरों को सीधा रखें। अपनी हथलियों को जमीन पर सीधा रखे और कंधों से दूर रखे, पैरों को हथलियों के समांतर रखे।

**हस्तपदासन**

यह आसन भी सूर्य नमस्कार में शामिल हैं। जी हां हस्तपदासन सूर्य नमस्कार के तीसरे नंबर का आसन है। ये आसन शुरू करने से पहले सीधे खड़े हो जाए उसके बाद ये आसन करें। हाथों को सिर के पास ले जाएं तथा उसके बाद आराम-आराम से नीचे की ओर झुकना है। पूरे शरीर का वजन दोनों पैरों पर होना चाहिए। सांस छोड़ते रहे और घुटनों के पास सिर लगाए। दोनों हाथ फर्श पर स्पर्श होने चाहिए। इस आसन को करने से आपके फेस का ब्लड फ्लो बढ़ता है जिसके कारण आपके चेहरे पर अलग तरह का ग्लो आ जाता है। इस आसन को करने से पीठ और हैमस्ट्रिंग में इंटेस स्ट्रेच होता है। इसको करते समय पैर सीधा और सांस लेने का तरीका सही होना चाहिए।



# स्किन और बालों के लिए वरदान है नीम, जानिए इसके अनगिनत फायदे

गर्मी के मौसम ने हलकी-फुलकी दस्तक दे दी है। बस कुछ ही दिनों में मौसम में काफी बदलाव दिखाई देगा। गर्मी का मौसम अपने साथ बहुत सारी हैल्थ और ब्यूटी प्रॉब्लम्स भी लेकर आता है क्योंकि इस मौसम में पसीना काफी निकलता है जिससे ब्यूटी और हैल्थ इंफैक्शन ज्यादा जल्दी होता है। ऐसे मौसम में ऐसी चीजों का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है जो इन वायरस इंफेक्शन्स से आपको बचाए गए। जिसमें से एक है नीम। स्वाद में भले ही यह कड़वी होती है लेकिन इसके एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल गुण आपको एंटीपाइरेटिक, एंटीऑक्सीडेंट और एंटीप्रोटोजोअल गुण प्रदान करते है। आयुर्वेद में नीम, सदियों से उपयोगी औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। खून साफ करने से लेकर यह बालों के लिए बेस्ट माना जाता है। इसके पत्तों का रस पीने से कीटाणु नष्ट हो सकते हैं। चलिए आज हम आपको नीम के अलग-अलग फायदों के बारे में बताते हैं।

**स्किन के लिए: मुंहासे, दाग-धब्बे, रिंकल्स और चमक**

बहुत से लोग रिंकल्स, पिंपल्स और उसे दाग-धब्बों से परेशान रहते हैं। उन लोगों के लिए नीम वरदान है। इसकी पत्तियों को पीसकर पेस्ट तैयार करें और चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरे पर एकस्ट्रा तेल नहीं निकलेगा जिससे मुंहासे नहीं होंगे साथ ही इसके एंटी-एजिंग गुण रिंकल्स को दूर रखते और चेहरे को साफ-सुथरा ग्लोइंग बनाते हैं। आप नहाने में नीम साबुन का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**बालों के लिए: डैंड्रफ, मजबूती और चमक**

नीम का रस बालों में लगाने से आपके बालों को मजबूती और चमक मिलती है। नीम के तेल की मालिश करने से हेयर ग्रोथ तेजी से होती हैं साथ ही बालों को मजबूती मिलती है। आप नीम के पाउडर को पानी में मिलाकर बालों में लगाएं फिर थोड़ी देर ऐसे ही छोड़ दें और फिर पानी से धो लें। ऐसा करने से बालों से डैंड्रफ भी खत्म हो जाएगी। यह एक अच्छा हेयर कंडीशनर भी है।

**पेट के लिए: कीड़े, दस्त** - पेट की समस्याओं में भी आप नीम कमाल के फायदे पहुंचा सकती हैं। नीम रस को शहद में मिलाकर पीने से आपके पेट के सारे कीड़ें मर जाएंगे। इसकी पत्तियों को सुखा लें और शक्कर के साथ मिलाकर खाने से आपको दस्त से आराम मिलेगा।

**जली स्किन के लिए: घाव व निशान** - कई बार खाना बनाते समय या किसी अन्य कारण शरीर का कोई अंग जल जाए तो तुरंत उस जगह पर नीम की पत्तियों को पीसकर लगा लें। जल्द आराम मिलेगा। निशान भी चले जाएंगे।

**कान दर्द से राहत** - कान दर्द की शिकायत हैं तो नीम का तेल इस्तेमाल करना काफी फायदेमंद रहेगा। कई लोगों में कान बहने की भी बीमारी से भी परेशान रहते हैं ऐसे लोगों के लिए भी नीम का तेल एक कारगर उपाय है।

**दांतों के लिए** - पहले लोग नीम की दातुन ही करते थे लेकिन अब जल्दी और आसानी के लिए लोग टूथपेस्ट और ब्रश इस्तेमाल करते हैं लेकिन नीम दातुन करने के अपने ही लाजवाब फायदे हैं। नीम की दातुन पायरिया प्रॉब्लम दूर करने में सबसे बेस्ट उपाय है।

**फोड़े-फुंसियां करें ठीक** - खून साफ न होने की वजह से फोड़े-फुंसियां की समस्या रहती हैं। वहीं जो लोग ज्यादा मीठा खाते हैं उन्हें भी स्किन की यह प्रॉब्लम रहती हैं। उन्हें नीम पत्तियां पीस कर प्रभावित जगह पर लगानी चाहिए। इसके पानी से नहाने से भी ऐसी प्रॉब्लम दूर रहती हैं पानी में नीम की पत्तियां डालें और इसे उबाल लें इस पानी को बाकी पानी में मिलाकर नहाने में यूज करें।

**नीम फामूर्ला से दूर करें स्टोन प्रॉब्लम** - स्टोन यानि पथरी की शिकायत है तो लगभग 150 ग्राम नीम की पत्तियों को 1 लीटर पानी में उबाल लें, फिर इस पानी को थोड़ा ठंडा होने के बाद पी लें। रोजाना ऐसा करने से आपके किडनी स्टोन निकल जाएगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सलमान खान की जिंदगी पर बनेगी वेब सीरीज



**काफी** सालों पहले सलमान खान ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन पर बायोग्राफी लिखना कितना नामुमकिन काम है। लेकिन अब सलमान खान खुद अपनी ज़िंदगी के पन्ने पलटने के लिए तैयार हैं। एक रिपोर्ट की मानें तो सलमान खान ने एक बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ जैकपॉट डील साईन कर ली है। ये प्रोजेक्ट होगा सलमान खान की निजी ज़िंदगी पर। साल 1988 से अपने करियर की शुरूआत करने वाले सलमान खान ने कई हिट फिल्में दी हैं। सलमान को हिंदी सिनेमा का भाईजान कहा जाता है। सलमान की लाइफ काफी सुर्खियों में रही है। कभी वह अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहे हैं तो कभी पर्सनल। अब जो खबर हम सलमान के फैंस के लिए लेकर आ रहे हैं वो ये है कि रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान के बॉलीवुड में पूरे 3 दशक की जर्नी को एक सीरीज में दिखाया जाएगा। इस सीरीज में सलमान के परिवार, को स्टार्स, डायरेक्टर्स, प्रोड्यूसर्स और कलीग्स के इंटरव्यूज होंगे। खबर के मुताबिक सीरीज को लेकर तैयारी शुरू हो गई है और इसे सलमान खान, विज फिल्म्स और अप्लॉस एंटरटेनमेंट के साथ प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म की टीम ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स में इस बड़े प्रोजेक्ट को लेकर बात करनी शुरू कर दी है। हालांकि अभी ये कन्फर्म नहीं बताया गया है कि किस प्लेटफॉर्म पर फिल्म रिलीज होगी। वैसे अभी सलमान या उनकी टीम की तरफ से भी इस खबर को लेकर कोई कन्फर्मेशन नहीं हुआ है। लेकिन अगर ऐसा होता है तो ये सलमान के फैंस के लिए अच्छी खासी ट्रीट होगी।



# अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव की फिल्म 'खो गये हम कहां' का हुआ ऐलान



**फिल्म** लवर्स के लिए एक बड़ी गुड न्यूज है। अब आपको जल्द ही एक बेहतरीन फिल्म देखने का मौका मिलने वाला है। अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव की फिल्म 'खो गए हम कहां' का ऐलान हो गया है। आपको बता दे, ये फिल्म अनन्या पांडे के करियर की छठी फि ल्म होगी। इस फिल्म का निर्माण फरहान अख़्तर और रितेश सिधवानी की कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट कर रही है। खो गये हम कहां तीन दोस्तों की कहानी है, जो मुंबई में सेट की गयी है। यह आज के डिजिटल दौर में युवा दर्शकों को समर्पित फि ल्म है। खो गये हम कहां की कहानी जोया अख़्तर, रीमा कागती और अर्जुन वरेन सिंह ने लिखी है। सिद्धांत ने जोया की फिल्म गली बॉय में एमसी शेर का किरदार निभाकर खूब चर्चा बटोरी थी। इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट मुख्य किरदारों में थे। आदर्श गौरव को दर्शक हाल ही में अमेजन प्राइम पर आयी सीरीज हॉस्टल डेज में देख रहे होंगे। हालांकि, उन्हें नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म द व्हाइट टाइगर से लोकप्रियता मिली, जिसमें आदर्श ने प्रियंका चोपड़ा और राजकुमार राव के साथ मुख्य भूमिका निभायी थी। ऐलान के साथ फिल्म का फर्स्ट लुक और टीजर रिलीज कर दिया गया है। खो गये हम कहां 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

# उर्वशी रौटेला सीख रहीं मार्शल आर्ट



**उर्वशी रौटेला** अपनी इस फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रही हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि मार्शल आर्ट मजेदार है। उर्वशी ने कहा, मुझे अपनी एक्शन फिल्म के लिए कड़ी मेहनत करने और एक नया कौशल सेट सीखने का विचार पसंद आया है, चाहे वह मय थाई, काली, फिलिपिनो स्टिक फाइटिंग या बोजुत्सु हो। मेरे लिए, यह जीवन के लिए स्कूल जैसा है। उर्वशी ने कहा, मार्शल आर्ट मजेदार है, यह सब कुछ नृत्य की तरह कोरियोग्राफ किया गया है, जो अच्छा है क्योंकि यह मार्शल आर्ट के बड़े किक और फ्लिप और शानदार पहलुओं के साथ बहुत तरल है। एक्ट्रेस ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की है। उर्वशी रौतेला जल्द ही एक तमिल फिल्म में दिखाई देंगी जिसमें वह एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट की भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा उर्वशी थ्रिलर फिल्म ब्लैक रोज, थिरुतु पायल 2 के हिंदी रीमेक और वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश में दिखेंगी।